# देवरबेली में मुख्यमंत्री ने रुककर बच्चों और महिलाओं से किया संवाद

**नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र के गांव में पहली बार पहुंचे मुख्यमंत्री, बहनों ने बांधी राखी**



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित रहे कोरका-बोंदारी क्षेत्र के दौरे के दौरान ग्राम देवरबेली में वाहन रुकवाकर बच्चों और महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री के अचानक ग्रामीणों के बीच पहुंचने से लोगों में उत्साह दिखाई दिया। जनजाति बहुल गांव की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी और उनका आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बीमारी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात के बाद लांजी की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम देवरबेली में सड़क किनारे खड़ी महिलाओं और बच्चों को देखकर उन्होंने अपना वाहन रुकवा दिया। मुख्यमंत्री ग्रामीणों के बीच पहुंचे और बच्चों तथा महिलाओं से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। रक्षाबंधन के अवसर पर गांव की बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

मुख्यमंत्री ने बहनों के स्नेह और आशीर्वाद को आत्मीयता से स्वीकार करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर गांव और क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें गंभीरता से सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। देवरबेली के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में पहली बार किसी मुख्यमंत्री का आगमन हुआ है। मुख्यमंत्री का अचानक सड़क किनारे रुककर सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचना उनके लिए सुखद अनुभव रहा। विशेषकर बच्चों और महिलाओं में मुख्यमंत्री से मिलने और राखी बांधने को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, दूरस्थ क्षेत्र में मुख्यमंत्री का सीधे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनना सरकार और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करने वाला कदम है। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार से ग्रामीणों में अपनत्व और विश्वास की भावना भी दिखाई दी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री और देवरबेली की बहनों के बीच हुआ यह संवाद क्षेत्र के लोगों के लिए यादगार बन गया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के विकास और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# वाल्मीकि धाम में मुख्यमंत्री ने किया छड़ी पूजन, प्रदेश की खुशहाली की कामना



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार सुबह उज्जैन स्थित श्री वाल्मीकि धाम सिद्धपीठ आश्रम पहुंचे और विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। उन्होंने अनंत श्री विभूषित 1008 स्वामी सोहनदास जी की समाधि और प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने आश्रम में श्री जाहरवीर गोगादेव के निशान ध्वज का भी छड़ी-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यसभा सदस्य एवं बालयोगी संत उमेशनाथ जी महाराज से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा साधु-संतों के आशीर्वाद और प्रेरणा से देश अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में बाबा गोगा महाराज के ध्वज चिह्न सामाजिक समरसता और एकात्मता का संदेश देंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भुजरिया पर्व, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गोगा नवमी की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भोपाल में हथियारों का जखीरा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**18 धारदार छुरियां, रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस जब्त**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से 18 धारदार छुरियां, जबकि दूसरे के कब्जे से एक रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि भोपाल टॉकीज के समीप बाल विहार ग्राउंड में एक व्यक्ति अवैध रूप से धारदार हथियार लेकर मौजूद है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मो. माजिद उर्फ मजीद (30) को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास सफेद प्लास्टिक की बोरी मिली, जिसमें लोहे की 18 तेज धारदार छुरियां रखी थीं। पुलिस ने उसका मोबाइल भी जब्त किया।

वहीं, दूसरी कार्रवाई विदिशा रोड स्थित रसला खेड़ी क्षेत्र में की गई। यहां नवेद खान उर्फ नब्बू (24) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसकी कमर से एक रिवॉल्वर और पैंट की जेब से एक जिंदा कारतूस मिला।

दोनों आरोपी हथियारों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस हथियारों के स्रोत और संभावित सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

# शीतल दास की बगिया में भुजिया विसर्जन करती महिलाएं...



**नप्र, भोपाल :** राजधानी भोपाल स्थित शीतल दास की बगिया में शनिवार को महिलाओं ने धार्मिक परंपरा के अनुसार भुजिया विसर्जन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं पूजा सामग्री लेकर पहुंचीं और विधि-विधान से भुजिया का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान महिलाओं ने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। शीतल दास की बगिया में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से आयोजन में भाग लिया और भक्ति भाव के साथ विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर घाट क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे।

# निर्माणाधीन इमारत में युवती से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**नप्र, भोपाल :** भोपाल के कोलार थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत में 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, निर्माणाधीन इमारत से युवती की चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर पहुंचे। कुछ देर बाद पीड़िता इमारत से निकलकर सड़क पर पहुंची। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को अस्पताल पहुंचाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता मूल रूप से डिंडोरी जिले की रहने वाली है और पिछले करीब छह माह से अपनी बहन और जीजा के साथ कोलार क्षेत्र में रहकर मजदूरी का काम कर रही है। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया कि शुक्रवार शाम वह अपनी बहन के साथ परिचितों से मिलने गई थी, जहां उसका पूर्व परिचित सत्येंद्र धुर्वे मिला। आरोप है कि आरोपी ने उसे पेय पदार्थ दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके पश्चात आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# त्योहारों के चलते भोपाल के बाजारों में बढ़ी रौनक

**खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़, दुकानदारों के चेहरे खिले**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** त्योहारों के सीजन के चलते राजधानी भोपाल के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजारों में शनिवार को बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। कपड़े, मिठाई, पूजा सामग्री, सजावटी सामान और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई।

त्योहारी माहौल के बीच लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। बाजारों में नई वैरायटी के कपड़े, आभूषण, सजावट की सामग्री और पूजा से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ी है। दुकानदारों ने भी त्योहारों को देखते हुए अपनी दुकानों को आकर्षक तरीके से सजाया है और ग्राहकों के लिए नई सामग्री उपलब्ध कराई है। भोपाल के प्रमुख बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। परिवार के साथ लोग बाजारों में पहुंचे और अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी की। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी रही। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों के कारण कारोबार में तेजी आई है और आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है।

# बेटी को समझाने के बाद हलवाई ने उठाया आत्मघाती कदम

**निशातपुरा क्षेत्र में किराए के कमरे में फंदे पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कृषक नगर, करोंद में किराए के कमरे में रहने वाले 43 वर्षीय हलवाई राहुल शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी और बच्चे छतरपुर स्थित गांव में रहते हैं। पत्नी गांव में नर्स की नौकरी करती है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार देर रात राहुल ने अपनी 13 वर्षीय बेटी को फोन कर देर रात तक ऑनलाइन रहने से मना किया था। इसके बाद उसने पत्नी से भी बातचीत कर बेटी को समझाने की बात कही। बातचीत सामान्य थी। शुक्रवार को दिनभर राहुल की परिजनों से कोई बात नहीं हुई। शुक्रवार रात पत्नी ने राहुल को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। शनिवार सुबह भी कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। लगातार फोन नहीं उठने पर परिचितों को कमरे पर भेजा गया, जहां राहुल का शव फांसी के फंदे पर मिला। सूचना मिलने पर निशातपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जांच के दौरान राहुल का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की जांच और परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# लायंस ऑफ भोपाल का सम्मान समारोह आज, भारतीय परिधान उत्सव रहेगा खास





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लायंस ऑफ भोपाल द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर टीम, इंटरनेशनल डायरेक्टर, गेट एरिया लीडर और मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन के सम्मान में रविवार को समारोह आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम रोड स्थित होटल आमेर ग्रीन में कार्यक्रम शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक हरिओम जटिया और एमजेएफ लायन मुनिन्द्र वैद्य ने बताया कि समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर टीम का सम्मान किया जाएगा। साथ ही सेलिब्रिटी उपस्थिति में भारतीय परिधान उत्सव और बॉलीवुड गीतों की लाइव प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। फेमिना मिस इंडिया मध्यप्रदेश धनुश्री चौहान सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल होंगी, जबकि फेमिना मिस इंडिया प्रतिका सक्सेना भारतीय परिधान उत्सव की शो स्टॉपर रहेंगी। समारोह में लायंस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

# संपत्तिकर में छह प्रतिशत छूट का अंतिम मौका

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर पर दी जा रही छह प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने के लिए अब केवल दो दिन शेष हैं। करदाताओं की सुविधा को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने रविवार, 30 अगस्त को अवकाश के दिन भी सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे रविवार और सोमवार को अपने संपत्तिकर सहित अन्य करों एवं शुल्कों का भुगतान कर छह प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ उठाएं। करदाता निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय में कर जमा करने के साथ ही निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने राजस्व अमले को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक करदाताओं तक संपत्तिकर में दी जा रही विशेष छूट की जानकारी पहुंचाई जाए और उन्हें समय सीमा के भीतर कर जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए। निगम प्रशासन के अनुसार, रविवार को सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय खुले रहने से नागरिकों को अवकाश के दिन भी कर जमा करने की सुविधा मिलेगी। निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्तिकर का समय पर भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं तथा शहर के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# वन विहार में आयोजित हुआ बटरफ्लाई रक्षा बंधन उत्सव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार को तितलियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बटरफ्लाई रक्षा बंधन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भ्रमण के लिए आए पर्यटकों के लिए आयोजित किया गया।

रक्षाबंधन के अवसर पर प्रकृति संरक्षण को जोड़ते हुए कार्यक्रम में तितलियों के लिए प्रतीकात्मक रक्षा सूत्र बांधने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने की गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान बताया गया कि तितलियां केवल प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र और परागण प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी भी हैं। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों को तितलियों के जीवन चक्र, उनके प्राकृतिक आवास, परागण में उनकी भूमिका और जैव-विविधता संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। वन विहार की नेचुरलिस्ट कृति जैन और गणेश ने प्रतिभागियों को तितलियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। आयोजन के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे तितलियों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा करें, स्थानीय पौधों और पुष्पीय वनस्पतियों को बढ़ावा दें।

**शिविर** | *शाहपुरा वार्ड-51 में समस्याओं का निराकरण, कलेक्टर ने संस्थानों का किया औचक निरीक्षण*

# जनविश्वास शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026 के तहत शनिवार को शाहपुरा स्थित जोन क्रमांक-6 के वार्ड क्रमांक-51 के सी-सेक्टर में जन-कल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में महापौर मालती राय, पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह, स्थानीय पार्षद, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके आवेदन और समस्याओं का निराकरण किया गया। महापौर मालती राय ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और विकास कार्यों को गति देना है। स्थानीय नागरिकों की मांग पर उन्होंने क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य आगामी सोमवार से शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वीकृत विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि कॉलोनियों से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में समर्पित कॉलोनी सेल का गठन किया गया है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन गठित करने की अपील की और शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर के बाद कलेक्टर ने शाहपुरा क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र, नगर निगम ट्रांसफर स्टेशन, शासकीय प्राथमिक शाला, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक और एकता महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार का औचक निरीक्षण किया। सहकारी उपभोक्ता भंडार में गंभीर अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।